# National Service Scheme

## Janta Vedic College Baraut, (Baghpat)

**Dr. Amrit Kumar Gupta**
Program Officer
**Unit III**

**Assistant Professor**
Department of Physics
Contact: **amritraj7844@gmail.com**


**राष्ट्रीय सेवा योजना (तृतीय-इकाई)**

**जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत (बागपत)**

**नियमित कार्यक्रम रिपोर्ट (वर्ष 2025-2026)**

### 1. राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीकरण हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करना

महाविद्यालय के सूचना पटों तथा कक्षाओं में सूचना प्रसारित कर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) में पंजीकरण के लिए प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों को योजना के उद्देश्यों एवं सामाजिक महत्व के बारे में अवगत कराया गया, जिससे उनमें सेवा भावना विकसित हो सके।

### 2. पंजीकरण

राष्ट्रीय सेवा योजना में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों में से 100 विद्यार्थियों का चयन कर उनका पंजीकरण किया गया। तत्पश्चात छात्रों की बढ़ती रुचि को ध्यान में रखते हुए छात्रहित में 1 अतिरिक्त विद्यार्थियों का भी पंजीकरण किया गया। इस प्रकार कुल 101 विद्यार्थियों का पंजीकरण किया गया।

### 3. बस्ती का अभिग्रहण

सामान्य सर्वेक्षण के आधार पर डूडा-कॉलोनी को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अभिग्रहित किया गया। इस क्षेत्र के लोगों की मुख्य आजीविका कृषि है। यहाँ सामाजिक जागरूकता एवं जनजागरण की विशेष आवश्यकता महसूस की गई, जिसके लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना बनाई गई।

| क्रमांक | क्रियाकलाप | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | एन. एस. एस. एक दिवसीय समीक्षा बैठक | 26.08.2025 |
| 2. | राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन | 1-7/09/2025 |
| 3. | हिंदी दिवस का आयोजन | 13/09/2025 |
| 4. | राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस 2025 | 24/09/2025 |
| 5. | स्वच्छता ही सेवा अभियान अभियान | 25/09/2025 |
| 6. | गांधी जयंती और अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस 2 October, 2025 | 02/10/2025 |
| 7. | मिशन शक्ति फेज-5.0 का आयोजन | 14/10/2025 |
| 8. | विश्व छात्र दिवस (World Students' Day) का आयोजन | 14/10/2025 |
| 9. | सरदार पटेल – 150वीं जयंती कार्यक्रम | 29-31/10/2025 |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता, संगोष्ठी एवं क्विज़ का आयोजन | 07/11/2025 |
| 11. | भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के प अवसर पर आयोजित कार्यक्रम | 19/12/2025 |
| 12. | राष्ट्रीय मतदाता दिवस, बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस | 24/01/2026 |
| 13. | गणतंत्र दिवस | 26/01/2025 |
| 14. | शहीदों की अमर स्मृति को मौन धारण कर किया नमन और रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान यातायात नियमों के पालन का लिया गया संकल्प पर आयोजित कार्यक्रम | 30/01/2026 |
| 15. | मतदाता पंजीकरण हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया। | 31/01/2026 |
| 16. | प्रथम एक दिवसीय शिविर (डिजिटल जागरूकता और साइबर सुरक्षा) | 12/02/2026 |
| 17. | द्वितीय एक दिवसीय शिविर (**युवा शक्ति – जागरूक समाज की आधारशिल** | 16/02/2026 |
| 18. | तृतीय एक दिवसीय शिविर (**रक्तदान**) | 18/02/2026 |
| 19. | शहीद दिवस | 23/03/2026 |
| | | |
| | | |
| | | |

# NSS ACTIVITY REPORT (2025-26)

**August-2025**

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की एक दिवसीय समीक्षा बैठक**

दिनांक: 26 अगस्त 2025

स्थान: चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ National Service Scheme

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में 26 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना की एक दिवसीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रतिभाग किया।

बैठक का उद्देश्य राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करना तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श करना था। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु सुझाव प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के अंत में समस्त प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।








राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की एक दिवसीय समीक्षा बैठक की छायाचित्र

# September-2025

**राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन**

दिनांक: 1 - 7 सितम्बर 2025

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह (1 से 7 सितम्बर 2025) का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रथम दिन 01 सितम्बर के अवसर पर पोषण जागरूकता प्रश्नोत्तरी और इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। क्विज़ प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं की पाँच टीमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन और खनिज ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से अधिक संतुलित आहार, पोषक तत्वों और स्वस्थ जीवनशैली संबंधी प्रश्न पूछे गए। इंटरएक्टिव सत्र में छात्रों एवं छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और पोषण संबंधी अनेक प्रश्नोत्तर हुए। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. इंदु, श्वेता अग्रवाल, डॉ. अमित नागर और डॉ.अमृत कुमार गुप्ता ने मिलकर किया । अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि संतुलित आहार ही स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्वा, पंकज कुमार, रवि, शेखर, तनु , काव्या और शाजिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।






## जनता वैदिक महाविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का शुभारंभ

बड़ौत (सच कहूँ न्यूज)। जनता वैदिक महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान द्वितीय राष्ट्रीय पोषण सप्ताह (1 से 7 सितम्बर) की शुरुआत सोमवार को हुई। इस अवसर पर पोषण जागरूकता प्रश्नोत्तरी एवं इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं की पाँच टीमें- कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन और खनिज-ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों से संतुलित आहार, पोषक तत्वों और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े प्रश्न पूछे गए। इंटरैक्टिव सत्र में भी छात्रों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और पोषण संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु, रमेश अग्रवाल, डॉ. अमित नागर और अमृत गुप्ता ने किया। अंत में डॉ. इंदु ने संदेश दिया कि संतुलित आहार ही स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्वा, पंकज कुमार, रवि, शेखर, तनु, काव्या और शाकिया का विशेष योगदान रहा।







राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन 1 - 7 सितम्बर 2025, जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

**हिंदी दिवस का आयोजन**

दिनांक: 13 सितम्बर 2025

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई-1,2,3 और 4 द्वारा हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने निबंध लेखन, काव्य-पाठ एवं विचार गोष्ठी जैसी गतिविधियों में भाग लेकर हिन्दी भाषा के महत्व और उपयोगिता पर अपने विचार प्रकट किए।

सभी कार्यक्रम अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी हमारी सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता की भाषा है। इसके संरक्षण और संवर्धन हेतु युवाओं की सक्रिय भूमिका अनिवार्य है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में योगदान दें और दैनिक जीवन में इसके प्रयोग को बढ़ावा दें।
अंत में सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि हिन्दी भाषा के गौरव को बनाए रखने के लिए वे निरंतर प्रयास करते रहेंगे।








4 दैनिक जनवाणी मेरठ, रविवार, 14 सितंबर 2025



www.dainikjanwani.com

# राष्ट्रीय स्तर पर संवाद का माध्यम है हिंदी

## काठा के एनएस पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर प्रतियोगिता का आयोजन

## हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में जेवी कॉलेज में कार्यक्रम

**राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस 2025**

दिनांक: 24 सितम्बर 2025

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

************************************************

“राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस 2025” का उत्सवपूर्ण आयोजन आज दिनांक 24 सितम्बर 2025 को जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई–प्रथम एवं तृतीय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ किया गया। महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि डॉ. अनुराग त्रिपाठी एवं डॉ. आकांक्षा गुरु ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में दोनों अतिथियों ने “यंग लीडर डायलॉग क्विज़” तथा “स्वच्छता ही सेवा” जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेवक पंकज कुमार ने “विकसित भारत 2047” विषय पर उत्साहपूर्ण भाषण प्रस्तुत किया, वहीं रजत अंतिल ने “स्वच्छ भारत” पर पोस्टर प्रदर्शनी से सभी को प्रभावित किया। अनेक प्रतिभागियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताओं, प्रभावशाली भाषणों एवं सृजनात्मक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। आगे “विकसित भारत 2047 क्विज़” का आयोजन हुआ, जिसका सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित नागर द्वारा किया गया। डॉ. अमृत कुमार गुप्ता ने स्वच्छता अभियान के महत्व एवं इसके दूरगामी लाभों पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए छात्रों को स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत निर्माण हेतु सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, देशभक्ति और सेवा भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल मंत्र “सेवा, त्याग और समर्पण” को अपने जोशीले सहभाग से चरितार्थ किया। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ तथा सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता एवं राष्ट्रनिर्माण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दिलाया गया।



पात्र कोई भी खिलाड़ी इसमें भाग ले सकता है। संवाद

**विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया**

**बड़ौत।** नगर के जनता वैदिक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम व तृतीय इकाई के विद्यार्थियों ने बुधवार को रासेयो दिवस मनाया। जहां विद्यार्थियों को स्वच्छता ही सेवा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अनुराग त्रिपाठी व डॉ. आकांक्षा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। पंकज कुमार ने विकसित भारत 2047 विषय पर भाषण प्रस्तुत किया। रजत अंतिल ने स्वच्छ भारत पर पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से संदेश देने का प्रयास किया। इनके अलावा विद्यार्थियों ने देशभक्ति कविताओं को प्रस्तुत किया। क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित नागर, डॉ. अमृत कुमार गुप्ता ने स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत निर्माण के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। संवाद

# जेवी कॉलेज में स्वच्छता सेवा पर दिया जोर

• जनवाणी संवाददाता, बड़ौत

जनता वैदिक महाविद्यालय बड़ौत की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया।

महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि डा. अनुराग त्रिपाठी एवं डा. आकांक्षा गुप्त ने की। उन्होंने ग्रीन लीडर ग्लोबलिंग विकास तथा स्वच्छता ही सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। एनएसएस स्वयंसेवक पंकज कुमार ने विकसित भारत 2047 विषय पर भाषण प्रस्तुत किया। रजत अनिल ने स्वच्छ भारत पर पोस्टर प्रदर्शनी से सभी को प्रभावित किया। अनेक प्रतिभागियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताओं, प्रभावशाली भाषणों एवं सृजनात्मक प्रस्तुतियां दीं। विकसित भारत 2047 विषय का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. अमित नागर द्वारा किया गया। डा. अमृत कुमार गुप्ता ने स्वच्छता अभियान के महत्व एवं इसके दूरगामी लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं प्रतिभागियों को स्वच्छता एवं राष्ट्रनिर्माण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। वहीं दूसरी ओर जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय एवं चतुर्थ इकाइयों के स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि डा. दीप्ति चौहान एवं डा. सरिता, इकाई चार की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु तथा इकाई दो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता अग्रवाल द्वारा किया गया। अंजली ने एनएसएस दिवस के महत्व पर भाषण दिया। स्वयं सेविकाओं ने तिलक कला। कार्यक्रम के सांस्कृतिक आयाम में पायल, काव्या एवं कीर्तिका द्वारा एकल नृत्य, खुशी एवं समूह द्वारा समूह नृत्य, मरियम एवं समूह द्वारा छोटा कदम बड़ा बदलाव विषय पर लघु नाटिका तथा अनुराधा, सानिया एवं अंजली द्वारा कविता पाठ प्रस्तुत किया गया। संचालन काव्या एवं रुचि ने किया। इस अवसर पर डॉ. श्वेता अग्रवाल ने स्वयंसेविकाओं को माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण और विकास प्रतियोगिता की जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. इंदु ने किया।



बड़ौत के जेवी कालेज एनएसएस के कार्यक्रम में शामिल छात्राएं।






**स्वच्छता ही सेवा अभियान अभियान "17 सितम्बर से 2 October, 2025"**

दिनांक: 25 सितम्बर 2025

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

**************************************************

दिनांक 25 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत एक दिन – एक घंटा – एक साथ कार्यक्रम के तहत जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत की प्रथम एवं तृतीय इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. अमित नागर एवं **डॉ. अमृत कुमार गुप्ता** के द्वारा एक सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ-साथ डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. अनुराग सहित अनेक प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण सहेंद्र पाल, राज कुमार आदि ने महाविद्यालय परिसर, उद्यान, गलियारों एवं आस-पास के क्षेत्रों की सफाई करते हुए एक घंटे तक लगातार श्रमदान कर स्वच्छता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और प्राध्यापकों ने स्वच्छता को केवल आदत नहीं, बल्कि जीवन की संस्कृति बताते हुए छात्रों और समाज को प्रतिदिन स्वच्छता अपनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्वच्छता से स्वास्थ्य लाभ, रोगों की रोकथाम, पर्यावरण संरक्षण और समाज में सकारात्मक ऊर्जा के विस्तार जैसे फायदों को भी रेखांकित किया।

अंत में महाविद्यालय परिवार ने "हम स्वयं स्वच्छ रहेंगे और दूसरों को स्वच्छ रहने के लिए प्रेरित करेंगे" का संकल्प लेते हुए परिसर को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

# विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों से कराया अवगत



बड़ौत के जनता वैदिक कॉलेज में श्रमदान करते विद्यार्थी। स्रोत : विभाग

संवाद न्यूज एजेंसी

बड़ौत। नगर के जनता वैदिक कॉलेज में बृहस्पतिवार को सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में स्नातक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के अलग-अलग दलों को लोहड्डा गांव में सर्वेक्षण के लिए भेजा गया। वहां उन्होंने घर-घर जाकर प्रश्नावली एवं साक्षात्कार पद्धति के माध्यम से शिक्षा का स्तर, रोजगार की स्थिति, आय के स्रोत, स्वास्थ्य सुविधाएं, पारिवारिक ढांचा, महिलाओं की भागीदारी, स्वच्छता की व्यवस्था तथा जीवन-यापन की स्थितियों से संबंधित जानकारी हासिल की।

# जेवी कालेज में रासेयो की ईका[ई]




बड़ौत के जेवी कालेज में सफाई करते स्वयं सेवक।

● जनवाणी संवाददाता, बड़ौत

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक दिन-एक घंटा-एक साथ कार्यक्रम के तहत जनता वैदिक महाविद्यालय बड़ौत की प्रथम एवं तृतीय इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारियों डा. अमित नागर एवं डा. अतुल कुमार गुप्ता द्वारा एक सामुहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ-साथ डा. मुकेश कुमार, डा. धर्मेन्द्र कुमार, डा. अनुराग सहित अनेक प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण सुरेंद्र पाल, राज कुमार आदि ने महाविद्यालय परिसर, उद्यान, गलियारों एवं आस-पास के क्षेत्रों की सफाई करते हुए श्रमदान किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और प्राध्यापकों ने स्वच्छता को केवल आदत नहीं, बल्कि जीवन की संस्कृति बताते हुए छात्रों और समाज को प्रतिदिन स्वच्छता अपनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्वच्छता से स्वास्थ्य लाभ, रोगों की रोकथाम, पर्यावरण संरक्षण और समाज में सकारात्मक ऊर्जा के विस्तार जैसे फायदों को भी रेखांकित किया। महाविद्यालय परिवार ने हम स्वयं स्वच्छ रहेंगे और दूसरों को स्वच्छ रहने के लिए प्रेरित करेंगे, का संकल्प लेते हुए परिसर को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने का संकल्प लिया।






GPS MAP CAMERA
25/09/2025
Thursday, 1:19 PM
76 °F
Baraut, Uttar Pradesh, India
Caption: Swachta Pakhwada Program
Maps

# October-2025

**गांधी जयंती और अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस 2 October, 2025”**

दिनांक: **2 October, 2025**

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

*********************************************





**मिशन शक्ति फेज-5.0 का आयोजन**

दिनांक: **14 October, 2025**

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

*************************************************

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन, स्वास्थ्य, सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति फेज-5.0 का आयोजन |




### छात्रों को बाल सुरक्षा और अधिकारों के प्रति किया जागरूक

## बाल सुरक्षा उल्लंघन की सूचना समय पर देना सभी की जिम्मेदारी: डॉ. गीता रानी



बड़ौत (सच कहूँ न्यूज)। नगर के जनता वैदिक कॉलेज में सांस्कृतिक समिति द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत नवोदय लोक चेतना कल्याण समिति बागपत के सहयोग से पॉक्सो एक्ट पर चर्चा विषयक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने की, जबकि संचालन सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. गीता रानी ने किया। उन्होंने कहा कि पॉक्सो एक्ट* वर्ष 2012 में लागू किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न और हिंसा से कानूनी सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि किसी भी प्रकार के बाल सुरक्षा उल्लंघन की सूचना समय से संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि पीड़ित को समय पर न्याय मिल सके।

मुख्य वक्ता नवोदय लोक चेतना कल्याण समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह धामा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का विकास करते हैं। इस अवसर पर डॉ. सरिता, डॉ. आकांक्षा, डॉ. रविन्द्र सिंह, डॉ. शिवपाल, डॉ. मयूर यादव, डॉ. अमृत गुप्ता सहित कॉलेज के विभिन्न संकायों के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नशीमा, साक्षी, शिल्पा, मंतशा, वर्षा, खुशी, रिया, तनु, अंजलि, प्रिया, रजत, रोहित, अंकित, सागर और प्रशांत आदि ने भाग लिया।

**विश्व छात्र दिवस (World Students' Day) का आयोजन**

दिनांक: **14 October, 2025**

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

*************************************************

दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई-1 एवं इकाई-3, जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत द्वारा "विश्व छात्र दिवस (World Students' Day)" का आयोजन किया गया। यह दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. मुकेश कुमार, Assistant Professor, पादप रोग विज्ञान (Plant Pathology) रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में डॉ. कलाम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे न केवल एक महान वैज्ञानिक थे, बल्कि युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा के स्रोत भी रहे। डॉ. मुकेश कुमार ने स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन, दृढ़ संकल्प तथा सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने "विकसित भारत युवा संसद 2026" के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का संचालन एवं सफल आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित नागर एवं डॉ. अमृत कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देशन में हुआ। महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वयंसेवक मोहित एवं विजित ने डॉ. कलाम को समर्पित एक सुंदर कविता प्रस्तुत की, जिससे वातावरण प्रेरणादायक बन गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में डॉ. कलाम के विचारों — "सपना वो नहीं जो हम सोते समय देखते हैं, सपना वो है जो हमें सोने नहीं देता" — को आत्मसात कर उन्हें राष्ट्रनिर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर NSS स्वयंसेवकों ने डॉ. कलाम के आदर्शों का अनुसरण करते हुए समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का संकल्प भी लिया।




## जेवी कालेज में मनाया विश्व छात्र दिवस

बड़ौत(जनवाणी): नगर के जेवी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं इकाई तृतीय द्वारा विश्व छात्र दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. मुकेश कुमार पादप रोग विज्ञान रहे। उन्होंने डॉ. कलाम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे न केवल एक महान वैज्ञानिक थे, बल्कि युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा के स्रोत भी रहे। डा. मुकेश कुमार ने स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन, दृढ़ संकल्प तथा सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने विकसित भारत युवा संसद 2026 के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

**सरदार पटेल – 150वीं जयंती कार्यक्रम**

दिनांक: **29 to 31 October, 2025**

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

*********************************************

जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती "राष्ट्रीय एकता दिवस " के रूप में बड़े उत्साह, सम्मान एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में "एकता मार्च " का आयोजन किया गया। इस मार्च में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे परिसर में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं भाईचारे का संदेश दिया।

इसके उपरांत कार्यक्रम अधिकारियों — डॉ. इंदु, डॉ. अमित नागर, डॉ. अमृत कुमार गुप्ता एवं डॉ. श्वेता अग्रवाल — के मार्गदर्शन में भाषण एवं क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार गुप्ता ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

क्विज़ प्रतियोगिता में अंकित कुमार ने प्रथम स्थान, रजत अंतिल ने द्वितीय स्थान तथा वंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका इकाई की ओर से मेघा तोमर ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता में पंकज कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

यह आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्र की एकता, अखंडता, भाईचारे एवं समर्पण की भावना को सशक्त करने वाला तथा युवाओं में राष्ट्रीय चेतना और प्रेरणा का संचार करने वाला सिद्ध हुआ।



# बड़ौत के शिक्षण संस्थानों में सरदार पटेल को किया गया याद







### सरदार पटेल की मनाई जयंती

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर लौह पुरुष को दी श्रद्धांजलि





# November-2025

**'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता, संगोष्ठी एवं क्विज़ का सफल आयोजन**

दिनांक: **7 November, 2025**

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

***************************************************

जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत की **राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई-III** द्वारा **'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने** के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं *'वंदे मातरम्'* के सामूहिक गायन से हुआ। इस अवसर पर आयोजित **निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता**, **संगोष्ठी**, तथा **क्विज़ प्रतियोगिता** में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ताओं ने *'वंदे मातरम्'* के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा इसे भारतीय स्वाधीनता संग्राम का प्रेरणास्रोत बताया। यह आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक गर्व की भावना को प्रबल करने वाला रहा।






# December -2025

**भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम**

दिनांक:**19 December, 2025**

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

**************************************************

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई-III** एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की झलकियां



## अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

बागपत, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं महान राष्ट्रनेता अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत (जनपद–बागपत) में सांस्कृतिक समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य, गरिमामय एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को अटल जी के राष्ट्रनिर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा मानवीय संवेदनाओं से परिचित कराना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय परिवार द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि अटल जी राजनीति में शुचिता, संवाद और सहमति के प्रतीक थे तथा उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा।कॉलेज प्राचार्य डा वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, सुशासन की अवधारणा एवं पड़ोसी देशों के साथ संवाद की नीति जैसे ऐतिहासिक निर्णय अटल जी की दूरदर्शिता को दर्शाते हैं। सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डा गीता तालियान ने उनके साहित्यिक व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी की कविताएँ राष्ट्रप्रेम, मानवता और शांति का सशक्त स्वर हैं।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अटल जी के जीवन एवं विचारों पर आधारित भाषण, काव्य-पाठ तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गईं। साथ ही "अटल बिहारी वाजपेयी के विचार और वर्तमान भारत" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें उनके विचारों की आज के समय में प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्यों में डा नीलम राणा, डा सरिता, डा रविंद्र कुमार की भूमिका अहम रही ।भाषण प्रतियोगिता में कशिश राठी प्रथम स्थान एवं अनु तोमर द्वितीय स्थान पर रहीं । एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में श्याम शर्मा प्रथम स्थान एवं ललिता आर्य द्वितीय स्थान पर रहे ।कल चौधरी चरण सिंह राजकीय महाविद्यालय छपरौली में आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान विजेता प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे ।कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के आयोजक समिति द्वारा सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया तथा यह संकल्प लिया गया कि अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।कार्यक्रम का संचालन डा अमृत गुप्ता ने किया । कार्यक्रम में डा दीप्ति, डा अमित नागर,डा शिवलाल की उपस्थिति रही । कार्यक्रम में अदिति चौधरी, साक्षी,प्रिया,रजत,प्रियंशु आदि छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया ।

लोकवाणी न्यूज

21 दिसम्बर 2025, रविवार



# January -2026

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस, बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम**

दिनांक: **24 January, 2026**

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

*************************************************

जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत में आज दिनांक 24-01-2026 को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 16 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस, बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक समिति ,राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों ईकाईयों  एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे  विविध जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना, बालिकाओं के अधिकारों एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को रेखांकित करना रहा।



## जागरूक मतदाता और सशक्त बालिकाएँ ही लोकतंत्र की ताकत: डॉ. गीता रानी

बड़ौत। जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत में शुक्रवार को दिनांक 24 जनवरी 2026 को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस, बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विविध जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना, बालिकाओं के अधिकारों एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफेसर प्रताप चौधरी द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती पर जोर दिया।उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर डॉ. ऋद्धि कुमार द्वारा आयोजित क्विज़ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया।

**जागरूकता, सशक्तिकरण और सांस्कृतिक विरासत पर केंद्रित कार्यक्रमों का हुआ आयोजन**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मताधिकार के महत्व पर विचार गोष्ठी, शपथ ग्रहण एवं पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। वहीं बालिका दिवस के उपलक्ष्य में बालिका शिक्षा, समान अधिकार एवं आत्मनिर्भरता विषय पर भाषण, कविता पाठ एवं नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रभावशाली संदेश दिया गया। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य की संस्कृति, लोक कला, इतिहास एवं उपलब्धियों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।कार्यक्रम में डॉ. इंदु, डॉ. नीलम राणा, डॉ. अमित नागर, डॉ. अमृत कुमार गुप्ता, डॉ. शिवपाल, आकांक्षा पंवार, परवेंद्र, छवि सहित अनेक शिक्षक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में साक्षी, वर्षा, जैनद, सायमा, सानिया, खुशी, निशा, शालू, नेहा, जाह्नवी, अरुण, पंकज वर्मा, रजत अंतिल, शोभित, शुभांशु, नीतेश, विशाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्ण सहभागिता निभाई।



**शहीदों की अमर स्मृति को मौन धारण कर किया नमन और रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान यातायात नियमों के पालन का लिया गया संकल्प पर आयोजित कार्यक्रम**

दिनांक: **30 January, 2026**

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

*******************************************************

जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत में सांस्कृतिक समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 30 जनवरी 2026 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर देश के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों की पावन स्मृति में एक अत्यंत भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में राष्ट्रभक्ति, श्रद्धा और आत्मचिंतन के भाव से ओतप्रोत मौन रखा गया।






अमर उजाला

Baghpat
31-01-2026

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मौन धारण करते विद्यार्थी। स्रोत : शिक्षक

**बलिदान दिवस के रूप में मनाई पुण्यतिथि**

बड़ौत। नगर के जनता वैदिक कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य प्रो वीरेंद्र प्रताप सिंह, श्योदान तोमर व कृष्णपाल ने शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। प्राचार्य ने कहा कि इनके बलिदान के कारण आज हम स्वतंत्र, सुरक्षित और सम्मानित जीवन जी पा रहे हैं। डॉ. गीता रानी ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा राष्ट्रप्रेम केवल शब्दों में नहीं, बल्कि अनुशासन, नैतिकता और जिम्मेदार आचरण में निहित होता है। वहीं रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर डॉ. मुनेश, डॉ. नीलम राणा, डॉ. सरिता, डॉ. अमित नागर, डॉ. अमृत कुमार गुप्ता व डॉ. मधुर यादव आदि उपस्थित रहे। संवाद

**मतदाता पंजीकरण हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया।**

दिनांक:**31 January, 2026**

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

******************************************************




# मतदाता पंजीकरण हेतु चलाया गया विशेष अभियान






नीलकंठ / युरेशिया

बड़ौत। जनता वैदिक कॉलेज,में मतदाता पंजीकरण हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र एवं छात्राओं का मतदाता सूची में पंजीकरण कराना तथा उन्हें मतदान के प्रति जागरूक करना था ।कार्यक्रम के दौरान विनीत कुमार उपाध्याय उप जिला निर्वाचन अधिकारी बागपत द्वारा मतदान के अधिकार, मतदाता पहचान पत्र बनवाने की प्रक्रिया, मतदान का महत्व तथा मतदाता जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई ।कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान का महत्व बताते हुए मत बनवाने के लिए कहा ।कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. गीता रानी, समन्वयक (कोऑर्डिनेटर), मतदाता साक्षरता क्लब द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।इस अवसर पर अमरचंद वर्मा निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अभिषेक कुमार सिंह तहसीलदार बागपत, वंशिका सिंह नायब तहसीलदार पिलाना आदि ने नवयुवाओ को मत बनवाने के लिए प्रेरित किया ।वोटर लिटरेसी क्लब के सदस्य डॉ. अमृत कुमार गुप्ता, डॉ. अमित नागर, डॉ. इंदु,डॉ. सरिता ,डॉ नीलम राणा, डा मीनू, आकांक्षा ,अदिति, अमित कुमार,जयवीर सिंह, ललित कुमार आदि सहित जनता वैदिक कॉलेज एवं जैन स्थानक महिला कॉलेज के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में पात्र छात्र-छात्राओं के मतदाता पहचान पत्र बनाए गए ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना तथा सजग, जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाता तैयार करना रहा।

# February -2026

## एन.एस.एस. तृतीय इकाई द्वारा प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य विषय “डिजिटल जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा” रहा।

दिनांक: **12 February, 2026**

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

***********************************************

आज दिनांक 12.02.2026 को जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत की एन.एस.एस. तृतीय इकाई द्वारा प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य विषय “डिजिटल जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा” रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं समाज को डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना था। शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक चार्ट एवं बैनर तैयार किए। स्वयंसेवकों की रचनात्मकता एवं समर्पण भावना सराहनीय रही। इस अवसर पर डॉ. अमित नागर एवं डॉ. अमृत कुमार गुप्ता ने स्वयंसेवकों को डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों, उनसे बचाव के उपायों तथा जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के महत्व पर विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक, सतर्क एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. इंदु एवं डॉ. अमित कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने डिजिटल जागरूकता के सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया। उनके प्रेरणादायक उद्बोधन ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा एवं जागरूकता का संचार किया। शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने पटेल नगर एवं डूडा कॉलोनी में जाकर जनसम्पर्क अभियान चलाया। चार्ट एवं बैनरों के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं सुरक्षित पासवर्ड के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। नागरिकों ने इस पहल की सराहना की तथा इसे समय की आवश्यकता बताया। यह एक दिवसीय शिविर न केवल विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन का माध्यम बना, बल्कि समाज में डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध हुआ।



**रासेयो शिविर में साइबर सुरक्षा से संबंधित दी जानकारी**

बड़ौत जनवाणी: जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं तृतीय इकाई द्वारा प्रथम शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य विषय डिजिटल जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा रहा। शिविर में स्वयं सेवकों ने डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चार्ट एवं बैनर तैयार किए। इस अवसर पर डॉ. अमित नागर एवं डॉ. अमृत कुमार गुप्ता ने स्वयंसेवकों को डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों, उनसे बचाव के उपायों तथा जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के महत्व पर विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक, सतर्क एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. इंदु एवं डॉ. अमित कुमार ने डिजिटल जागरूकता के सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया। शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने पटेल नगर एवं डूडा कॉलोनी में जाकर जनसम्पर्क अभियान चलाया। चार्ट एवं बैनरों के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं सुरक्षित पासवर्ड के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। नागरिकों ने इस पहल की सराहना की तथा इसे समय की आवश्यकता बताया।



**एन.एस.एस. तृतीय इकाई द्वारा द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य विषय "युवा शक्ति – जागरूक समाज की आधारशिला" रहा।**

दिनांक: **16 February, 2026**

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

**************************************************

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई प्रथम एवं तृतीय द्वारा आज दिनांक 16.02.2026 को महाविद्यालय परिसर में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर की थीम "युवा शक्ति – जागरूक समाज की आधारशिला" रही। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, जागरूकता, अनुशासन एवं सेवा भावना का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ NSS स्वयंसेवकों द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों को अमित नागर एवं डॉ. अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में आज के विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने युवाओं की भूमिका, सामाजिक कर्तव्यों एवं जागरूक नागरिक बनने के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी को समाज हित में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि डॉ. तारकेश्वर नाथ तिवारी जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंदजी के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक कथा सुनाई। उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया। उनका उद्बोधन स्वयंसेवकों के लिए अत्यंत प्रेरणास्पद रहा।

तत्पश्चात डॉ. आशुतोष कुमार शर्मा जी ने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति, परिवार और समाज को प्रभावित करता है तथा युवाओं से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं नशामुक्त रहें, बल्कि समाज में भी इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाएँ। कार्यक्रम के अगले चरण में स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति, स्वच्छता, सड़क सुरक्षा एवं सामाजिक सुधार से संबंधित आकर्षक चार्ट एवं बैनर तैयार किए। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने अपनी टोली बनाकर पटेल नगर एवं डूडा कॉलोनी में जनजागरूकता अभियान चलाया। वहाँ के निवासियों को स्वच्छता, नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक किया गया। स्थानीय लोगों ने भी इस अभियान की सराहना की और युवाओं के इस प्रयास की प्रशंसा की। इस प्रकार द्वितीय एक दिवसीय शिविर उत्साह, अनुशासन एवं सामाजिक समर्पण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम ने युवाओं में सेवा, जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

## शिविर में जागरूक नागरिक बनने के महत्व पर प्रकाश डाला

• जनवाणी संवाददाता, बड़ौत

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार महाविद्यालय परिसर में द्वितीय एक दिवसीय शिविर काआयोजन किया गया। इस शिविर की थीम युवा शक्ति जागरूक समाज की आधारशिला रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों को अमित नागर एवं डॉ. अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में आज के विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने युवाओं की भूमिका, सामाजिक कर्तव्यों एवं जागरूक नागरिक बनने के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी को समाज हित में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि डॉ. तारकेश्वर नाथ तिवारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक कथा सुनाई। उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया। उनका उद्बोधन स्वयंसेवकों के लिए अत्यंत प्रेरणास्पद रहा। डा.आशुतोष कुमार



बड़ौत के जेवी कालेज के शिविर में शामिल रासेयो के छात्र।

शर्मा ने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति, परिवार और समाज को प्रभावित करता है तथा युवाओं से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं नशामुक्त रहें, बल्कि समाज में भी इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम के अगले चरण में स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति, स्वच्छता, सड़क सुरक्षा एवं सामाजिक सुधार से संबंधित आकर्षक चार्ट एवं बैनर तैयार किए। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने अपनी टोली बनाकर पटेल नगर एवं डूडा कॉलोनी में जनजागरूकता अभियान चलाया।

**एन.एस.एस. तृतीय इकाई द्वारा तृतीय-एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य विषय "रक्तदान" रहा।**

दिनांक: **18 February, 2026**

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

**************************************************

आज दिनांक 18 फरवरी 2026 को जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा रोटरी क्लब बड़ौत के सौजन्य से एक भव्य एवं प्रेरणादायी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेवा, समर्पण एवं मानवीय संवेदनाओं का उत्कृष्ट उदाहरण सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं उपमंत्री श्री सोदान सिंह जी द्वारा विधिवत् फीता काटकर किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने रक्तदान को "महादान" बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाजहित के ऐसे पुनीत कार्यों में निरंतर अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। संपूर्ण परिसर सेवा-भाव, अनुशासन एवं सहयोग की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अमृत कुमार गुप्ता, डॉ. इंदु, डॉ. अमित नागर, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. तारकेश्वर तिवारी, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. राजेश कुमार गुप्ता, डॉ. मधुर यादव, डॉ. मुनेश कुमार, डॉ. अमर पाल सिंह, डॉ. अंबुज तथा डॉ. सौरभ कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा। साथ ही शिवाय चैरिटेबल ब्लड सेंटर की चिकित्सकीय टीम, रोटरी क्लब बड़ौत के सदस्यगण तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

शिविर के समापन पर सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। यह आयोजन युवाओं में सेवा-भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा मानवता के प्रति समर्पण को सुदृढ़ करने वाला अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायी प्रयास सिद्ध हुआ।







रक्तदान शिविर


GPS Map Camera
Baraut, Uttar Pradesh, India


रक्तदान शिविर

# March -2026

**एन.एस.एस. तृतीय इकाई द्वारा चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन शहीद दिवस के रूप में किया गया, यह कार्यक्रम देश के अमर शहीदों के त्याग, बलिदान एवं देशभक्ति की भावना को स्मरण करने तथा युवा पीढ़ी को प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।**

दिनांक: **23 March, 2026**

स्थान: जनता वैदिक महाविद्यालय, बड़ौत

**********************************************

23 मार्च 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–प्रथम एवं इकाई–तृतीय, जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत द्वारा शहीद दिवस के पावन अवसर पर चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देश के अमर शहीदों के त्याग, बलिदान एवं देशभक्ति की भावना को स्मरण करने तथा युवा पीढ़ी को प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. अमृत कुमार गुप्ता एवं अमित नागर के निर्देशन में मुख्य अतिथियों डॉ. सौरभ कुमार सिंह, डॉ. अभय विक्रम सिंह एवं डॉ. इन्दुद्वारा शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु जी  के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों एवं कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन प्रस्तुत किए गए, जिनमें उन्होंने शहीदों के अद्वितीय बलिदान, उनके आदर्शों एवं राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे शहीदों के पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

कार्यक्रम के अगले चरण में स्वयंसेवकों—पंकज कुमार, नितेश, दीपांशु, रूपेश, सुमित, रोहित, सुधीर, उत्कर्ष आदि—द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएँ, भाषण एवं प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने समस्त वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कर दिया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा शहीद दिवस के महत्व पर आधारित आकर्षक स्लोगन एवं पोस्टर तैयार किए गए। तत्पश्चात एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने पटेल नगर एवं डूडा कॉलोनी क्षेत्र में जाकर स्लोगन, पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय लोगों को शहीदों के जीवन, उनके बलिदान एवं देशभक्ति की भावना के प्रति जागरूक किया। इस जनजागरण अभियान को स्थानीय नागरिकों द्वारा अत्यंत सराहना प्राप्त हुई। समापन अवसर पर कार्यक्रम अधिकारियों ने सभी अतिथियों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक जिम्मेदारी एवं नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं।



## विद्यार्थियों ने शहीद दिवस मनाया

बड़ौत। नगर के जनता वैदिक कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम व तृतीय इकाई के विद्यार्थियों ने शहीद दिवस मनाया। विद्यार्थियों ने कई कॉलोनियों में जागरुकता रैली निकाली। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृत कुमार गुप्ता व अमित नागर ने भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया। जहां विद्यार्थियों ने शहीदों के पदचिह्नों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत भी प्रस्तुत किए। हाथों में स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर पटेल नगर, डूडा कॉलोनी में जागरुकता रैली निकाली और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। संवाद


राष्ट्रीय सेवा योजना
GPS Map Camera
Baraut, Uttar Pradesh, India
4748+whw, Canal Service Rd, Madhuban Colony,
Baraut, Uttar Pradesh 250611, India
Lat 29.107567° Long 77.266346°
23/03/2026 10:44 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Baraut, Uttar Pradesh, India
Patel Nagar Colony, Gali No. 1, Budhana Road, Near Bsnl
Telephone Exchange, Madhuban Colony, Baraut, Uttar
Pradesh 250611, India
Lat 29.108024° Long 77.269755°
Monday, 23/03/2026 01:41 PM GMT +05:30
Google

# रासेयो शिविर में बलिदानियों को याद किया

● जनवाणी संवाददाता, बड़ौत



नगर के जेवी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं इकाई तृतीय द्वारा शहीद दिवस के पावन अवसर पर चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देश के अमर शहीदों के त्याग, बलिदान एवं देशभक्ति की भावना को स्मरण करने तथा युवा पीढ़ी को प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. अमृत कुमार गुप्ता एवं अमित नागर के निर्देशन में मुख्य अतिथियों डॉ. सौरभ कुमार सिंह, डॉ. अभय विक्रम सिंह एवं डॉ. इन्दुद्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। मुख्य अतिथियों एवं कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन प्रस्तुत किए गए। जिनमें उन्होंने शहीदों के अद्वितीय बलिदान, उनके आदर्शों एवं राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे शहीदों के पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के अगले चरण में स्वयंसेवकों पंकज कुमार, नितेश, दीपांशु, रूपेश, सुमित, रोहित, सुधीर, उत्कर्ष आदि द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं व भाषण की प्रस्तुतिया दी गई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा शहीद दिवस के महत्व पर आधारित आकर्षक स्लोगन एवं पोस्टर तैयार किए गए। एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने पटेल नगर एवं ढूढा कॉलोनी क्षेत्र में जाकर स्लोगन, पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय लोगों को शहीदों के जीवन, उनके बलिदान एवं देशभक्ति की भावना के प्रति जागरूक किया।

## तहसील परिसर में दी बलिदानियो को श्रद्धांजलि

बड़ौत (जनवाणी): तहसील परिसर मे शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता एडवोकेट यशवीर सिंह राठी ने की तथा संचालन सत्यपाल मान ने किया। महामंत्री पुष्पेंद्र कुमार ने कहा की भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव देश के लिए हंसते हंसते देश के लिए शहीद हो गए। युवा पीढ़ी को इनसे प्रेरणा लेकर इनके बताये रास्ते पर चलना चाहिए। एडवोकेट वीरेंद्र चौहान ने कहा कि शहीद दिवस पर सरकार को युवा पीढ़ी को जागरूक करने के लिए विचार गोष्ठी, शहीदों की याद में प्रतियोगिता आयोजित करानी चाहिए। मोहित चौहान ने कहा कि भगत सिंह ने 1928 में विद्यार्थी व राजनीति पर एक लेख लिखा। जिसमे लिखा कि विद्यार्थी का कर्तव्य पढ़ाई करना है। लेकिन ऐसी पढ़ाई भी व्यर्थ है, जो देश की स्थिति को ना समझे और उसे सुधारने का प्रयास ना करे। नशा से दूर रहना चाहिए। ये हमारे रियल हीरो हैं। सभी अधिवक्ताओं ने शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर आनंदपाल तोमर, भूप्रकाश श्योरान, ईश्वर सिंह, मोहित चौहान, विनेश तोमर, रामकुमार तोमर, हरवीर सिंह, श्याम सिंह खोखर, नितिन भारद्वाज, गुलशन, फरमान अली, अरुण मलिक, सोहनवीर, संजीव तोमर, तेजवीर तोमर, जयवीर राणा, संजीवपाल, विकास, निशांत आदि अधिवक्ताओं ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

